दिनांक : 07.04.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

एलपीजी सिलेंडर दौगुना

केंद्र सरकार ने प्रवासी मजदूरों को मिलने वाले पांच किलो के एलपीजी सिलेंडर के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का फैसला किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस बारे में पत्र लिखा है। ये सिलेंडर राज्य सरकारें तेल कंपनियों के सहयोग से प्रवासी मजदूरों तक पहुंचाएंगी। पिछले महीने की 23 तारीख से अब तक करीब छह लाख 75 हजार सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

पीएम मोदी- वियतनाम राष्ट्रपति बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'तो लाम' को वियतनाम का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत और वियतनाम की सदियों पुरानी दोस्ती और मजबूत होगी। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने की इच्छा जताई।

अमित शाह- रैली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने असम के पथरकंडी में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर सभी घुसपैठियों को वापस भेजा जाएगा। शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने असम की बराक घाटी की उपेक्षा की और वहां घुसपैठियों को पनाह दी। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में असम विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हूई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। किसानों के लिए गेहूं खरीदी 10 की बजाय 9 अप्रैल से शुरू करने का निर्णय लिया गया। वहीं उज्जैन में 590 करोड़ रुपए की लागत से नए एयरपोर्ट के निर्माण को मंजूरी दी गई। इसके अलावा अनुसूचित जाति के छात्रों को दिल्ली में उच्च शिक्षा के लिए 10 हजार रुपए प्रतिमाह सहायता देने का भी फैसला लिया

गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने कैबिनेट बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया-

जन विश्वास संशोधन विधेयक

संसद ने जन विश्वास संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है। इस विधेयक में 23 मंत्रालयों के 79 कानूनों के 784 प्रावधानों में बदलाव किए गए हैं. इसके अलावा 1 हजार से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह विधेयक पुराने और अप्रासंगिक नियमों को खत्म कर व्यापार और जीवन सुगमता को बड़ा बढ़ावा देगा।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

आज 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन साल 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की याद में मनाया जाता है। इस साल की थीम है- "स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें।" मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक से ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र बनता है।

मौसम

अब बात मौसम की. प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मौसम विभाग ने 9 अप्रैल तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। आज भोपाल और ग्वालियर समेत 34 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

समाचार संक्षेप में :-

- जल गंगा सर्वधन अभियान के अंतर्गत आज आगरमालवा जिले में जल संरक्षण से संबंधित संदेशों का दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया।

- छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिले में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीनेशन लगाए जाने के संबंध में प्रगति बढ़ाने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की।
- शिवपुरी जिले के पोहरी में कल युवा एवं नारी शक्ति उन्मुखीकरण एवं आपदा प्रतिरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- जबलपुर में अप्रैल की शुरुआत से ही गर्मी का असर बना हुआ है। आज मौसम साफ रहने है और तेज धूप के कारण मौसम में गरमाहट है।